अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 9 सितंबर 2017
amarujala.com

PAGE NO. 11 : LEFT SIDE COLUMN

एसआरएमएस के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (फार्मेसी) के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस बार भी जागरूकता रैली निकाली। इसका विषय क्लीन एंड ग्रीन इंडिया है। रैली को ट्रस्ट प्रशासक इं. सुभाष मेहरा ने हरी झंडी दिखाकर कॉलेज से रवाना किया। इस मौके पर प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक और फार्मेसी के निदेशक डॉ. ललित सिंह आदि मौजूद रहे। रैली पास के गांव प्रहलादपुर में आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया और ग्रामवासियों को स्वच्छता के लाभ और गंदगी के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया।